# आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 19.09.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा बेटियों को उच्च शिक्षा हासिल करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करें।
- राष्ट्रपति ने 1 हजार 692 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले उज्जैन-इन्दौर सिक्स-लेन मार्ग का किया भूमि-पूजन, सफाई मित्रों को भी किया सम्मानित।
- कृषि अनुसंधान और तकनीक पर अगले महीने से कृषि चौपाल नाम से रेडियो और टीवी कार्यक्रम शुरू करेगी केन्द्र सरकार ।
- बॉंग्लादेश के साथ क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन भारत ने 6 विकेट पर बनाये 339 रन, अश्विन ने जड़ा नाबाद शतक।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी शिक्षण संस्थानों और शिक्षकों से अपील की है कि बेटियों को उच्च शिक्षा हासिल करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करें।इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को आज संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आपके सहयोग और मार्गदर्शन से हमारी बेटियां बड़े सपने देखेंगी और उन्हें साकार करेंगी, तभी सही मायनों में आप देश के विकास में भागीदार बन पाएंगे।

भारत के स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार सात बार प्रथम स्थान पर आने वाले इन्दौर की सराहना करते राष्ट्रपति ने कहा कि इंदौर के निवासियों ने स्वच्छता के क्षेत्र में असाधारण उदाहरण प्रस्तुत किया है।

राष्ट्रपति महाकाल

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने उज्जैन प्रवास के दौरान बाबा महाकालेश्वर के दर्शन किये। उन्होंने देश एवं प्रदेश की उन्नति, जनता के कल्याण और विश्व-शान्ति के लिये बाबा महाकाल से प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने श्रीमहाकाल लोक में मूर्तियों का निर्माण करने वाले ओडिशा के शिल्पकारों से मिलकर संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि इन शिल्पकारों को प्रोत्साहन स्वरूप एक-एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जायेगी।

स्वच्छता ही सेवा

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण के लिये सभी आगे बढ़ें। स्वच्छता ही देश को स्वस्थ और विकसित बना सकती है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु आज उज्जैन में सफाई मित्रों के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने साथ ही 1692 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले उज्जैन-इन्दौर सिक्स-लेन मार्ग का भूमि-पूजन भी किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उज्जैन एवं प्रदेश में समग्र विकास के अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। राष्ट्रपति ने बाबा महाकालेश्वर के दर्शन कर मन्दिर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के अन्तर्गत स्वच्छता के लिये श्रमदान किया। राष्ट्रपति ने ग्राम ढेंडिया में स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान अन्तर्गत लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। राष्ट्रपति ने श्रीमहाकालेश्वर मंदिर में अर्पित किए गये फूलों और निर्माल्य से बने उत्पाद के स्टॉल का अवलोकन किया।

मोदी सरकार 100 दिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो चुके है। इस अवधि में सरकार ने गरीब, किसान, युवा और कर्मचारियों के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाए हैं। खासकर सरकार

युवाओ के लिये कई लाभकारी योजनाओं की शुरुआत की गई है। जिसका फायदा मिल रहा है। ग्वालियर **की** चित्रांशी खाण्डेलकर का मानना है कि मोदी सरकार द्वारा स्टार्टअप और स्कॉर्लशिप जैसी कई योजनाएं उनकी स्किल को बढाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

बाईट - चित्रांशी खाण्डेलकर, युवा, ग्वालियर

**शिवराज - मोदी सरकार 100 दिन**

केन्द्र सरकार कृषि अनुसंधान और तकनीक पर अगले महीने से कृषि चौपाल नाम से रेडियो और टीवी कार्यक्रम शुरू करेगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि अनुसंधान और तकनीक की जानकारी उपलब्ध कराना है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में कृषि मंत्रालय की 100 दिनों की उपलब्धियां बताते हुए इस कार्यक्रम की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि किसानों से सीधे जुड़कर वैज्ञानिक उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को फसलों की उपज बढ़ाने के लिए जागरूक किया जाएगा। कृषि मंत्री ने यह भी घोषणा की कि किसानों को उनकी शिकायतें दर्ज करने और समाधान प्राप्त करने में बहुभाषी सहायता प्रदान करने के लिए किसान शिकायत निवारण प्रणाली भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह हर मंगलवार को किसानों और उनके संगठनों से मिलकर उनके मुद्दे और शिकायतें सुनेंगे।

**स्वच्छता ही सेवा**

**प्रदेश में** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है। जिला चिकित्सालय खंडवा में आज रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में नर्सिंग स्टॉफ एवं छात्राओं ने रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जावर में जनजागरुकता रैली निकालकर जनसमुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। मंदसौर जिले के सभी ग्रामों में जनभागीदारी से साफ-सफाई

साथ ही स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। राजगढ़ जिले में भी समस्त पंचायतों में श्रमदान कर पंचायत कार्यालयों में सफाई की गई। साथ ही स्कूलों में स्वच्छता के प्रतिजागरुकता के लिए रैलीयां निकाली जा रही है। **नीमच में आज सभी ग्राम पंचायतों में महिला स्वसहायता समूहों द्वारा स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया गया। मुरैना जिला चिकित्सालय में स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज महिलाओं को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कैलारस विकासखंड के लहरा विद्यालय में साफसफाई की गई**

**पीएम अमरीका यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 21 से 23 तारीख तक अमरीका के दौरे पर रहेंगे। नई दिल्ली में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि इस दौरान प्रधानमंत्री कई द्विपक्षीय और बहुपक्षीय पहलुओं पर चर्चा करेंगे और अमरीका में भारतीय समुदाय को सम्बोधित करेंगे। विदेश सचिव ने कहा कि श्री मोदी शनिवार को चौथे क्वाड नेताओं के सम्मेलन में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि भारत अगले वर्ष क्वाड सम्मेलन की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री रविवार को प्रवासी भारतीयों से बातचीत करेंगे और सोमवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करेंगे।

**भारत बंगलादेश क्रिकेट श्रृंखला**

चेन्नई के एम.ए चिदम्बरम स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और बंगलादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच के पहले दिन आज भारत ने खराब शुरूआत के बाद 6 विकेट पर 339 रन बना लिये हैं। आर अश्विन 102 रन बनाकर नाबाद है। वहीं रविन्द्र जड़ेजा ने 86 रन बना लिये हैं। दोनों के बीच रिकार्ड 195 रनों की भागीदारी हो चुकी है। बॉग्लादेश की ओर से हसन महमूद ने चार विकेट लिये।

**समाचार संक्षेप में .....**

- उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) द्वारा जनहित के कार्यों में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री से मंत्रालय में एडीबी के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट कर स्वास्थ्य क्षेत्र में मध्यप्रदेश के साथ सहयोग के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।
- मंदसौर जिले में राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत आज नगर पालिका सभाकक्ष में पौष्टिक एवं संतुलित आहार, बच्चों हेतु पोषण, स्वास्थ्य एवं देखरेख, व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में अवगत कराया गया।
- पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा गत दिवस खरीफ मौसम 2024 में बोई गई फसलों में कीट व्याधि व अतिवृष्टि के कारण क्षति की संभावना के दृष्टिगत जिला स्तरीय निगरानी दल का गठन किया गया था। आज दल ने खरीफ फसल की स्थिति का जायजा लिया।
- नीमच जिले की मनासा तहसील के गांव आंतरी बुज़ुर्ग में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर मलेरिया बुखार की दवाई वितरित की गई। गांव में पिछले महीने से वायरल बुखार, मलेरिया के मरीज विभाग के संज्ञान में आए थे।

-------------------